# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **निर्वाचक सूची में मतदाताओं नाम जुड़वाने का अब भी है मौका, निर्धारित अवधि तक जमा होगा फॉर्म 6, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रक्रिया में गति लाने के दिए निर्देश।**
2. **इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस ने बैंक खातों को फ्रिज करने का भाजपा पर लगाया आरोप, भारतीय जनता पार्टी ने कहा– अपने घोटालों को छिपा रही कांग्रेस।**
3. **राज्य भर में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर होली के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम, रांची और जमशेदपुर में विशेष बाइक दस्ते को किया गया रवाना, सोशल मीडिया पर रखी जा रही लगातार निगरानी।**
4. **अब से कुछ देर में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा।**

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 प्राप्त करने की प्रक्रिया में गति लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने डोर टू डोर सर्वे के दौरान छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए पंचायत और वार्ड स्तर पर उपलब्ध मानव संसाधन के बेहतर इस्तेमाल का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्र जागरूकता समूह एवं वोलेंटियर को सक्रिय किए जाने पर भी बल दिया। आज एक समीक्षा बैठक में श्री कुमार ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अलग–अलग लोकसभा क्षेत्रों में फार्म 6 प्राप्त करने के लिए अलग–अलग तिथि निर्धारित की गई है। पहली अप्रैल 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयुवर्ग के छूटे हुए अन्य योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं।

****************

राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान संपन्न कराने के लिए निर्वाचनकर्मी जल, थल और वायु मार्ग से रवाना होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज बताया कि राज्य की भौगोलिक बनावट की वजह से कुछ मतदान केंद्र जो दुर्गम इलाके में हैं, वहां पोलिंग पार्टी के जाने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। हेलीकॉप्टर के अलावा ट्रेन, नाव और सड़क मार्ग से मतदानकर्मियों को मतदान केंद्रों तक भेजा जाएगा।

****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जे बी तुबिद ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी अपने घोटालों को छुपाने के लिए खाता फ्रीज करने की बात कर रही है। आज चाईबासा में मीडिया से बात करते हुए श्री तुबिद ने कहा कि कांग्रेस ने बकाया टैक्स नहीं चुकाया है और इससे जुड़ा मुकदमा भी हार चुकी है। इधर, रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड पर जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक बीस हजार करोड़ रुपए में चौदह हजार करोड़ रूपए इंडी गठबंधन के पास चंदे के रूप में, जबकि मात्र छह हजार करोड़ रुपए भाजपा के पाले में है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि इंडी गठबंधन को इस मुद्दे पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। इधर, ग्रामीण विकास मंत्री और झारखण्ड कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने लोकसभा चुनाव के दौरान देश की प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी को एजेंसियों का सहारा लेकर परेशान करने और लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप भारतीय जनता पार्टी पर लगाया है। रांची स्थित कांग्रेस भवन में आज आयोजित्त पत्रकार सम्मेलन में मंत्री आलमगीर आलम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते को फ्रिज कर विपक्ष को अपंग बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है।

****************

निर्वाचन आयोग अपने आदर्श वाक्य **कोई मतदाता पीछे न छूटे** पर ध्यान केन्द्रित करते हुए हर समय सुलभ मतदान के लिए कार्य कर रहा है।

****************

गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर गिरिडीह में राजनीतिक दलों की सक्रियता तेज हो गयी है।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों से भारत को टीबी मुक्त बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज विश्व तपेदिक दिवस मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे टीबी रोग को नियंत्रित करने की चुनौतियों के बारे में लोग जागरूक हो सकेंगे। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह, कुपोषण और तंबाकू का उपयोग इस रोग के जोखिम को और बढ़ा देते हैं।

****************

राज्य भर में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर होली के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को विशेष निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में राजधानी रांची और जमशेदपुर में होली पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ बाइक दस्ते को तैनात किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राज्य भर में पर्व के दौरान माहौल खराब करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर है। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस जवानों को लगातार ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ–साथ रैफ, रैप और होमगार्ड के जवानों को सडकों पर तैनात किया गया है।

***************

बोकारो जिले की उपायुक्त विजया जाधव ने कहा है कि होली और रमजान जैसे पर्वों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयरियां कर ली गयी हैं। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डीजे में अश्लील और भड़काऊ गानों के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं।

***************

गोड्डा जिले में तीन दिनों तक चलने वाले होली पर्व की शुरुआत आज धुड़खेल के साथ हो गई। होली के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम देखी गयी। सुरक्षा के लिहाज से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष बलों की तैनाती की गयी है।

***************

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड, एनटीपीसी के उत्तरी करनपुरा के प्लांट हेड स्वप्नेंदु कुमार पांडा ने कहा है कि सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से परियोजना प्रभावित इलाके के लोगों के जीवन में सुखद बदलाव लाया जा रहा है। एक संवाददाता सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए श्री पांडा ने कहा कि प्लांट के कर्मचारियों और आसपास के समुदायों की सुरक्षा और भलाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।

***************

अब से कुछ देर में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग का मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। इससे पहले खेले जा रहे अन्य मैच में राजस्थान ने लखनऊ को जीत के लिए एक सौ चौरानबे रनों का लक्ष्य दिया है।

***************

झारखंड समेत देश भर में ईसाई समुदाय पाम संडे मना रहा है। यह यरूशलेम में यीशु मसीह के विजयी प्रवेश की याद में मनाया जाता है और ईस्टर रविवार के साथ संपन्न होता है। रांची समेत ईसाई बहुल अन्य जिलों में पाम संडे पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

***************

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन से एक तस्कर को 24 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है, जिसका बाजार मूल्य दो लाख 40 हजार रुपये के करीब है। रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का रहने वाला है।

***************

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग अपने साप्ताहिक लाइव फोन–इन कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में कल रात साढ़े नौ बजे, "देश में स्टार्टअप तंत्र को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग" विषय पर विशेष चर्चा प्रसारित करेगा। कार्यक्रम के दौरान श्रोता देश में स्टार्टअप व्यवस्था को विकसित और मजबूत करने में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर हमारे विशेषज्ञ से दूरभाष नम्बर 011–23717106 और 011–23314444 पर प्रश्न पूछ सकते हैं। व्हाट्सएप नम्बर 9289094044 पर भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

*******समाप्त*******